राशनकार्ड में नाम जुड़वाने दिया आवेदन, जनदर्शन में हुआ त्वरित निराकरण

भिलाईनगर / बिजली , पानी, सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं , समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण करने हर सोमवार को निगम के सभी जोन कार्यालयों में जनदर्शन आयोजित किया जा रहा है, जहां निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर लोगों की समस्याएं सुनकर शीघ्र ही निदान किया जा रहा है। इसी के तहत आज जोन 04 शिवाजी नगर में एक व्यक्ति राशनकार्ड में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन लेकर पहुंचा जिस पर जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा ने त्वरित निराकरण करते हुए निगम से आनलाइन एंट्री के लिए खाद्य विभाग को प्रेषित कर नाम जुड़वाया। कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जोन कार्यालयों में शिकायतों एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त होने वाले आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने निर्देश दिए है! निगमायुक्त स्वयं जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर रहे है। जनदर्शन के माध्यम से प्राप्त हुए आवेदनों में अब तक कुल 291 आवेदन का निराकरण भी हो चुका है। जोन कार्यालयों में आयोजित होने वाले साप्ताहिक जनदर्शन में जोन आयुक्त के नेतृत्व में आने वाले लोगों की समस्याएं सुनकर उनको पावती दी जाती है और शीघ्र ही निराकरण कार्यवाही की जाती है! आज के जनदर्शन में फरीदनगर के यतीम खाना में नल लगवाने, वार्ड 11 में अवैध कब्जा हटाने, नाली संधारण, कुरूद के तालाब की सफाई, बोरिंग सफाई, नाली सफाई, सड़क संधारण जैसी शिकायतें और समस्या से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। निगम क्षेत्र के नागरिक और निगम प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से निगमायुक्त ने जनदर्शन आयोजित करने का फैसला लिया है। जिसके तहत प्रत्येक जोन कार्यालय में सोमवार को जनता की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए जनदर्शन लगाया जा रहा है तथा मुख्य कार्यालय में माह के प्रथम एवं अंतिम शनिवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन का समय प्रातः 11ः00 बजे से दोपहर 1ः30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस बीच निगम के रहवासी अपनी समस्याओं को लेकर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।